प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरुकता अभियान चलान के दिए निर्देश।
- राज्य में सरकारी भर्तियों की प्रगति की नियमित अंतराल पर समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की जाएगी गठित।
- शारदीय नवरात्र के तहत आज महाअष्टमी और महानवमी पर विशेष आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस आज–इस वर्ष का विषय है ''भविष्य के प्रति बालिकाओं की संकल्प दृ ष्टि''।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरुकता अभियान चलान के निर्देश दिये हैं। कल प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए राज्य सरकार अलर्ट मोड पर काम कर रही है। उन्होंने सभी कलेक्टरों को प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त स्वास्थ्यकर्मी नियोजित करने, स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाईयों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने और 24 घंटे काम कर रहे कंट्रोल रूम की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के जलभराव वाले क्षेत्रों में सघन फोगिंग की जाए। बैठक में श्री शर्मा ने कृषि विभाग को किसानों के लिए प्रयाप्त मात्रा में उर्वरकों की उपब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने डीएपी खाद के विकल्प के रूप में एसएसपी को प्रोत्साहित करते हुए इसके व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने 22 से 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाली समान पात्रता परीक्षा सीईटी की तैयारियों की भी समीक्षा की।

000

राज्य में सरकारी भर्तियों की प्रगति की नियमित अंतराल पर समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनने वाली ये समिति भर्तियों में आने वाली व्यवहारिक बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश देने और नियमित मॉनिटरिंग का काम करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल विभिन्न विभागों में भर्तियों की स्थिति के संबंध में हुई समीक्षा बैठक में सरकारी भर्तियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने कहा कि जिन भर्तियों की परीक्षाएं आयोजित हो चुकी हैं, उनके परिणाम जारी करने और दस्तावेज सत्यापन का काम तेज़ गति से किया जाए। मुख्यमंत्री ने परीक्षाओं के आयोजन के लिए जिलों में स्थायी परीक्षा केन्द्र विकसित करने के निर्देश दिये। बैठक में विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

000

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए कर हस्तांतरण की राशि के रूप में 10 हजार 737 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे राज्य में जनकल्याणकारी कार्यों और आधारभूत विकास को नई गति मिलेगी और विकसित राजस्थान के संकल्प को अधिक मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण के रूप में 1 लाख 78 हजार 173 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाधार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा किये गये कार्यों के बारे में।

----------------

000

शारदीय नवरात्र के तहत आज महाअष्टमी और महानवमी पर मां दुर्गा के महागौरी और सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की पूजा के साथ ही उन्हें हलवा, पुड़ी और चने का भोग लगाया जा रहा है। कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया जा रहा है। कन्याओं से आशीर्वाद लेकर उन्हें उपहार भी दिये जा रहे हैं। विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

----------------

जोधपुर के चामुंडा मांता मंदिर में भी भक्तजन का तांता लगा हुआ है। करौली के कैलादेवी मंदिर में भर रहे प्रसिद्ध मेले में प्रदेश के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेला पूरे परवान पर है।

----------------

पाली में मंदिरों में हवन पूजन हो रहा है। बोमदड़ा गांव में पहाड़ी पर स्थित पुनागर मां के दरबार में श्रद्धालुओं के लिए लंगर भी लगाए गए हैं। भरतपुर में प्रमुख शक्तिपीठ कैलादेवी सहित अन्य देवी मंदिरों में मातारानी का अलौकिक श्रृंगार किया गया है। भीलवाडा जिले के आसींद में प्रसिद्ध बक्या माता मंदिर में मेला भर रहा है। सीकर में जीणमाता का मेला परवान पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने महाअष्टमी और महानवमी की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में मां सिद्धिदात्री को नमन करते हुए कहा कि उनकी कृपा से सभी उपासकों को लक्ष्य–सिद्धि का आशीर्वाद मिले।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज से भरतपुर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे वहां बयाना के झील का बाड़ा स्थित कैलादेवी मंदिर के दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री आरबीएम अस्पताल में करीब 96 करोड़ की लागत से बने नए भवन और किशोरी महल के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। श्री शर्मा कुम्हेर  गेट से हीरादास और काली की बगीची से शास्त्री पार्क तक के बनने वाले फ्लाई ओवर और विकास कार्य का भी निरीक्षण करेंगे। शाम को उनका कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक करने और कल जनसुनवाई का कार्यक्रम है।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिन दुनियाभर में बालिकाओं की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों के महत्व को रेखांकित करता है। इस वर्ष के आयोजन का विषय है – भविष्य के प्रति बालिकाओं की संकल्प दृष्टि। इधर, प्रदेश में बालिका दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। बालोतरा में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरुकता कार्यशाला रखी गई है। विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं भी अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

000